तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 4 मई 2026



11 100 से अधिक गांवों में तालाब सूखे, पानी भरने के...



12 शिविर में मिले 779 आवेदनों में से 588 आवेदनों का...






## आयोजन : उपमुख्यमंत्री ने कोपरा को 22.50 करोड़ रुपए की सौगात दी और अटल प्रतिमा का किया अनावरण

# अटल जी की सोच से ही बना छत्तीसगढ़ : अरुण साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा के लिए शनिवार का दिन ऐतिहासिक रहा। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने यहाँ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कोपरा के चहुंमुखी विकास के लिए करोड़ों रुपये की घोषणाएं कीं, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की दूरदर्शिता के कारण ही छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण संभव हुआ। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 192 नगरीय निकायों में से 190वें क्रम पर कोपरा में अटल परिसर का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने नागरिकों से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहभागी बनने की अपील की। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कोपरा के लिए खजाना खोलते हुए महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं जिसमें

21 करोड़ रुपए जल आवर्धन योजना के लिए स्वीकृत। 1 करोड़ रुपए मूलभूत विकास एवं विस्तार कार्यों के लिए। 50 लाख रुपए नगर पंचायत कार्यालय भवन निर्माण के लिए। इसके साथ ही उन्होंने लगभग 1.49 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।








### राजिम क्षेत्र में विकास की बयारः रोहित साहू

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि कोपरा में अटल जी की प्रतिमा की स्थापना गर्व का विषय है। उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार का जिक्र करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राजिम क्षेत्र में बीते दो वर्षों में 500 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य (फोरलेन, पुल-पुलिया और शासकीय भवन) कराए जा चुके हैं।



**वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति-** कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र सेवा और विकास के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि अटल जी की नीतियां और विचार आज भी जनकल्याणकारी योजनाओं के रूप में देश को दिशा दे रहे हैं।

नगर पंचायत प्रतिनिधियों ने कोपरा में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग मिलने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में दिए गए सभी जनप्रतिनिधियों के भाषणों में एक ओर जहां अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को याद किया गया, वहीं दूसरी ओर कोपरा और राजिम क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प भी दिखाई दिया। यह आयोजन श्रद्धांजलि के साथ-साथ विकास की ▶▶|शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### कसेरूडीह में भक्त माता कर्मा जयंती आज

**सुरसाबांधा।** नवगठित परिक्षेत्र साहू समाज जेंजरा के तत्वावधान में साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा जयंती के पावन अवसर पर 4 मई सोमवार को ग्राम कसेरूडीह में कार्यक्रम का



आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन में सामाजिक अधिवेशन के साथ-साथ सेवा और सम्मान का कार्यक्रम भी संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू होंगे। विधायक श्री साहू के गांव पहुंचने पर सामाजिक युवाओं द्वारा युवा प्रकोष्ठ के परिक्षेत्र अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली निकाली जाएगी। इस जयंती समारोह में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर, निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा साथ ही समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों का भी सम्मान किया जाएगा। परिक्षेत्र साहू समाज जेंजरा के अध्यक्ष डॉ. टुमन लाल साहू ने कहा की इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सामाजिक एकजुटता का परिचय दें।

### 5 दिन में दूसरी बार खोरपा-संकरी के जंगल में लगी, विभाग बेखबर



**अभनपुर।** ग्राम खोरपा एवं संकरी क्षेत्र स्थित जंगल में अचानक आग लगने से बड़े पेड़ की टहनियां एवं छोटे पेड़ आग की चपेट में आ गईं। समय रहते सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़े नुकसान की आशंका टल गई। मिली जानकारी के अनुसार जंगल में आग लगने की सूचना राहगीरों ने इमरजेंसी डायल 112 को दी। इसके बाद इमरजेंसी टीम ने तत्काल फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। आग लगने की सूचना मिलते ही संकरी निवासी एवं भाजयुमो अध्यक्ष शशिकांत साहू मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। वहीं खबर प्राप्त होते ही उल्बा सरपंच नेहरू लाल साहू, पटवारी पूनम चंद्रवंशी, श्वेता साहू तथा आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और लकड़ी की टहनियों व उपलब्ध संसाधनों के सहारे आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। बाद में वन विभाग के अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। गौरतलब है ▶▶|शेष पेज 10 पर

# इलाज कराकर लौट रहे पिता पुत्र की सड़क हादसे में मौत

### पानी पीने रुके थे, आगे बढ़ते ही काल ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव कोरासी

राजिम-छुरा मार्ग पर ग्राम लोहझर के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई। यह दुर्घटना न केवल एक परिवार के उजड़ने की कहानी है, बल्कि क्षेत्र की बदहाल सड़कों और लचर आपातकालीन व्यवस्थाओं पर भी एक बड़ा सवालिया निशान है। जानकारी के अनुसार, पत्तियां निवासी भरत पटेल अपने बुजुर्ग पिता चोवाराम पटेल का इलाज कराकर छुरा से वापस घर लौट रहे थे। ग्राम लोहझर में एक रिश्तेदार के घर के पास उन्होंने कुछ देर रुककर पानी पिया और विश्राम किया। किसी ने सोचा भी नहीं था कि यहाँ से आगे बढ़ते ही मौत उनका इंतजार कर रही है। महज कुछ ही दूरी पर सामने से आ रहे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।





**मौके पर मौत और सिस्टम की देरी-** टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग चोवाराम पटेल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, बेटा भरत पटेल सड़क पर तड़पता रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल महज 5 मिनट की दूरी पर था, लेकिन एम्बुलेंस और पुलिस को पहुंचने में ▶▶|शेष पेज 10 पर

# यशोदा मेडिकल स्टोर में अनियमितता उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शनिवार को औषधि एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने राजिम क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी राजिम के वैक्सीन सेंटर का निरीक्षण कर टीकाकरण व्यवस्था, वैक्सीन के भंडारण और पावर बैकअप की स्थिति का जायजा लिया गया। टीम ने वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कोल्ड चेन का सख्ती से पालन करने, परिवहन के दौरान आइस पैक और करियर बॉक्स का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं निजी यशोदा हॉस्पिटल से संबद्ध यशोदा मेडिकल स्टोर की जांच के दौरान अनियमितताएं पाई गईं। जांच में ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन सामने आया, जिस पर संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अलावा वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशनी राजपूत के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र के होटल एवं रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता, खाद्य गुणवत्ता एवं लाइसेंस संबंधी मानकों की जांच कर संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# सेम्हरतरा में सुशासन शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम क्षेत्र के ग्राम सेम्हरतरा में 4 मई को सुशासन त्योहार के अंतर्गत एक विशाल प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर खास मायने रखता है, क्योंकि सेम्हरतरा राजिम विधायक रोहित साहू का गृह ग्राम है। कार्यक्रम में स्वयं विधायक रोहित साहू की विशेष उपस्थिति रहेगी जिससे ग्रामीणों की अपेक्षाएं और भी बढ़ गई हैं। इस सुशासन शिविर में जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी, अनुविभाग अधिकारी, ब्लॉक अधिकारी अपने-अपने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही उनके निराकरण का प्रयास करेंगे। शासन की मंशा है कि आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध हो सकें। ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के सरपंच एवं सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष हरीश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 13 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से राजस्व, स्वास्थ्य, ▶▶|शेष पेज 10 पर

- विधायक रोहित साहू देंगे लाखों की सौगात

### रेत माफिया बेखौफ, सीएम और सचिव की चेतावनी का भी असर नहीं

# मनरेगा के तालाबों में डंप कर रहे अवैध रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम नवागांव, कोलियारी, लखना में बड़े पैमाने पर रेत का अवैध भण्डारण करने की खबर सामने आ रही हैं। ये भंडारण दूर से ही देखने पर पहाड़ जैसा नजर आ रहा है। इस मार्ग में दर्जनों ऐसे जगह हैं जहां अवैध डंपिंग किया गया हैं। ये रेत महानदी से निकाला जा रहा है जिसे मनरेगा के तालाब में रखा जा रहा है। हैरानी की बात यह हैं कि अभी हाल ही में सीएम के सचिव सह खनिज विभाग के सचिव पी दयानंद ने कलेक्टर वीडियो कान्फ्रेंसिंग में रेत खदान के संचालन की समीक्षा बैठक की। बैठक में कहा कि रेत की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी नही होनी चाहिए। आम जनता को उचित दरो पर रेत उपलब्ध हो। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो को रॉयल्टी मुक्त रेत उपलब्ध कराने के आदेशो का कड़ाई से पालन सुनिश्चत किया जाए ताकि इसकी आड़ में अवैध खनन को बढ़ावा न मिले। खनिज सचिव पी दयानंद ने स्पष्ट रूप से कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशो का कड़ाई से पालन किया जाए वर्ना नियंत्रण नही होने की स्थिति में संबंधित कलेक्टरो की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सचिव पी दयानंद ने इस बात को भी रेखांकित किया कि अवैध खनन वाले क्षेत्रो का चिन्हांकन कर सतत कार्रवाई की जाए तथा शिकायतो और मीडिया में प्रकाशित खबरो को ▶▶|शेष पेज 10 पर





### कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में अभनपुर एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। तहसीलदार को जांच के निर्देश दिए जाएंगे और कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिम्मेदार खनिज अधिकारी स्तुति निगम और उमेश भार्गव के नंबर पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया।




**समस्या : जाड़ापदर, देहारगुड़ा, कुल्हाड़ीघाट और शोभा सहित दर्जनों पंचायतों में निस्तार की समस्या**

# 100 से अधिक गांवों में तालाब सूखे, पानी भरने के लिए नहीं है नहर व ट्यूब वेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही मैनपुर विकासखंड में जल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के 100 से अधिक पारा-टोलों में निस्तारी जल के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है। गिरते भूजल स्तर और संसाधनों के अभाव ने ग्रामीणों के साथ-साथ मवेशियों के सामने भी जीवन-मरण का संकट खड़ा कर दिया है। विकासखंड के जिड़ार, जाड़ापदर, देहारगुड़ा, कुल्हाड़ीघाट और शोभा सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों में 60 प्रतिशत से अधिक तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। जो तालाब बचे हैं, उनका पानी इतना गंदा और मटमैला हो चुका है कि वह निस्तारी के योग्य भी नहीं रहा। प्रशासन द्वारा तालाबो में पानी भरने की कोई ठोस योजना न होने के कारण ग्रामीण अब बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

**मृत्यु संस्कार के लिए भी भटक रहे लोग-** हैरानी की बात यह है कि खुद तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के दोनों प्रमुख निस्तारी तालाब सूख चुके हैं। अप्रैल के महीने में ही छिंद तालाब का सूखना प्रशासन की तैयारियों की पोल खोल रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि मृत्यु संस्कार जैसे कार्यों के लिए भी लोगों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे सामाजिक परंपराओं के निर्वहन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





### तालाबों को पानी भरने कोई ठोस कार्य योजना नहीं

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख रूप से स्थित तालाब ही निस्तारी की समस्या को पूरा कर पाता है ऐसे में तालाबों में जलभराव व निस्तारी की समस्या के लिए वैकल्पिक उपाय नहीं किया गया तो ग्रामीणों के समक्ष विकट परिस्थिति उत्पन्न होगी, गर्मी में राहत दिलाने वाले कुआं, जलाशय सहित विभिन्न जल स्त्रोत बड़ी तेजी से सुख रहे हैं जिसे लेकर यहां के ग्रामीण बेहद मायूस हैं, वहीं कई तालाबों में पानी तट छोड़ रहे है जिसके कारण मवेशियों के लिए पीने का पानी मुहैया नहीं हो पा रहा है, सूर्य अपने तापमान में जिस प्रकार बढ़ोत्तरी कर रहा है उससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि गर्मी के आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख तालाब पूरी तरह से सुख जाएगा, गर्मी के व्यापक स्वरूप व सूख रहे तालाब की स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से निस्तारी व जल समस्या के निवारण के लिए जल्द से जल्द बोर खनन करवाकर तालाबों में पानी भरने की मांग की है।

### करोड़ों खर्च, फिर भी योजनाएं पानी में

जल संरक्षण के लिए हर वर्ष जनपद व विभिन्न योजनाओं के तहत क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से जगह- जगह तालाबों का निर्माण किया जाता है मनरेगा योजना के तहत तो सैकड़ों तालाब खोदे गए हैं लेकिन स्थल चयन सहित तकनीकी मापदंडो की अनदेखी की वजह से समय से पहले गर्मी के शुरूआत में ही तालाब सूख जाते है और इस ओर विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने से मानों शासन के लाखो करोडो रूपये सिर्फ पानी में बहकर चले जाता है तालाब निर्माण से पहले स्थल चयन किया जाना चाहिए और पानी कैसे तालाब में रूके इसके लिए योजना तैयार करने के बाद ही तालाब निर्माण किया जाना चाहिए।

वहीं मैनपुर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों निस्तारी, पेयजल संकट की समस्या भी विकराल रूप ले रही है, मुख्यालय मैनपुर नगर सहित जिड़ार, जाड़ापदर, देहारगुड़ा, भाठीगढ़,, गोपालपुर, कुल्हाड़ीघाट, शोभा, गोना, करेली, ढोलसराई, रक्शापथरा, कुशियारबरछा, मोतीपानी, भुतबेड़ा, गरीबा, कुचेंगा, कोकड़ी, बरगांव, गौरगांव, लाटापारा, गरहाडीह, इंदागांव, कोयबा, बरगांव, जांगड़ा, जुगांड़, डुमरपड़ाव, अमाड़, जुगाड़, तौरेंगा, कोदोमाली, दबनई, छिन्दौला, लूठापारा, कंवरआमा, नारीपानी, तुहामेटा, गंगाजमुना, नवमुड़ा, चलकीपारा, चिहरापारा, सिंहार, बुड़ार, साहेबिनकछार, बुड़गेलटप्पा सहित दर्जनों ग्राम पंचायतों के आश्रित ग्रामों तालाबो का पानी तेजी से सुख रहा है। इन गांवों के तालाबों में नाम मात्र के पानी बचा हुआ है कई तालाबों का पानी मटमैला और गंदा हो चूका है।

**तालाब गहरीकरण के लिए अब तक कोई कार्ययोजना नहीं-** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के दोनो तालाब की गहरीकरण बेहद जरूरी है, और मनरेगा योजना के तहत गहरीकरण के लिए सरकार लाखों करोडो रूपये स्वीकृत करती है लेकिन मैनपुर नगर में तालाब गहरीकरण के दिशा में कोई पहल नही किया जा रहा है, जबकि तालाबों में पानी भरने और गहरीकरण के लिए वि"ाश कार्ययोजना बनाने की जरूरत है।

**कार्य योजना तैयार करेंगे-** जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीएस नागवंशी ने बताया कि सरपंच सचिव के माध्यमों से तालाब सूखने की जानकारी मंगाई गई है। तालाबों में जहां-जहां ट्यूबवेल की व्यवस्था है उसे प्रारंभ करने के लिए पूर्व में ही निर्देशित किया जा चुका है। श्री नागववंशी ने कहा की उच्च अधिकारियों से चर्चा कर मैनपुर क्षेत्र के तालाबों को पानी भरने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार किया जायेगा।

---

**खबर संक्षेप**

## ओलावृष्टि और अंधड़ से गिरा पारा, अगले 5 दिनों तक बारिश

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आगामी 5 दिनों तक प्रदेश के सभी संभागों में एक-दो स्थानों पर तेज हवाओं (अंधड़), गरज-चमक और वज्रपात के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। अगले 3 दिनों तक तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके बाद अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा जारी अनुमान के अनुसार, प्रदेश के दक्षिणी हिस्से (बस्तर संभाग) और कुछ उत्तर-पश्चिमी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जहाँ तेज हवाओं और बारिश की अधिक संभावना है। मध्य छत्तीसगढ़ के कई जिलों में येलो अलर्ट जारी कर नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों में मैनपुर और चंद्रपुर जैसे क्षेत्रों में 1-1 सेमी वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है।

## ईश्वर जिला साहू समाज के उपाध्यक्ष बने

**फिंगेश्वर।** जिला साहू संघ गरियाबंद में ग्राम भसेरा (फिंगेश्वर) निवासी सामाजिक नेता ईश्वर साहू को जिला साहू संघ का उपाध्यक्ष बनाए। इस अवसर पर ईश्वर साहू ने कहा कि साहू समाज का दायित्व पूर्व से निभाते आ रहे हैं



जिनके फलस्वरू उन्हे जिला साहू संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है विश्वास एवं कर्तब्य की कसौटी पर मै खरा उतरने का पूरा प्रयास करते हुए समाज के लिए तन मन धन से समर्पित रहूंगा। जब जब सामाजिक कार्यक्रम होंगे वहां पर अपनी उपस्थिति देते रहूंगा।मुझे गरियाबंद जिले का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर मै साहू समाज के जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू एवं पदाधिकारियों सहित प्रदेश के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं।

**निधन**

## किशुन राम साहू

**कोपरा।** समीपस्थ ग्राम मुरमुरा निवासी किशुनराम साहू लगभग 100 वर्ष का निधन रविवार हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उसके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में परिजन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल



श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे शारदाचरण साहू, शिक्षक एवन साहू के पिता व मनोज साहू, भोलाराम, योगेश, देवेश, भावेश के दादा थे।

## छुरा में सुशासन तिहार आज से

**छुरा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर गरियाबंद के आदेश के परिपालन में नगर पंचायत छुरा के अंतर्गत सुशासन तिहार 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आम जनता की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु यह आयोजन 04 मई 2026 से 22 मई 2026 तक चलेगा।इस अभियान के तहत नगर के सभी 15 वार्डों में निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाए जाएंगे, जहाँ नागरिक प्रत्यक्ष रूप से या ऑनलाइन माध्यम से अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।शिविर का मुख्य विवरण:समय: प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक। वार्डवार शिविर स्थलों पर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है, जो आवेदन पंजीयन, संग्रह और लेखन में जनता का सहयोग करेंगे।शिविर वार्ड वार इस प्रकार आयोजित होंगे, 04.05 मई, सोमवार रंगमंच के पास वार्ड क्र. 01, 05 मई, मंगलवार रंगमंच गढ़ियापारा वार्ड क्र. 02,06 मई बुधवार आवासपारा रंगमंच के पास वार्ड क्र. 03,07 मई गुरुवार जनपद पंचायत के पास वार्ड क्र. 04,08.मई शुक्रवार गादीकोट रंगमंच के पास वार्ड क्र. 05,11 मई सोमवार कुम्हारपारा रंगमंच के पास वार्ड क्र. 06,12 मई मंगलवार शीतला मंदिर परिसर वार्ड क्र. 07,13 मई, बुधवार कार्यालय न.पं. रंगमंच वार्ड क्र. 08,14. मई, गुरुवार गुरुघासीदास चबूतरा वार्ड क्र. 09 15 मई, शुक्रवार मामूलीपारा रंगमंच प्राथमिक शाला के पास वार्ड क्र. 10 18.05.2026, सोमवार राजापारा रंगमंच के पास वार्ड क्र. 11,19 मई, मंगलवार राजापारा रंगमंच के पास वार्ड क्र. 12 20 मई बुधवार राजापारा रंगमंच के पास वार्ड क्र. 13,21 मई, गुरुवार सोसायटी के पास वार्ड क्र. 14,22.05.2026, शुक्रवार शिवचौक रंगमंच के पास वार्ड 15 ।

## नशे में धुत ट्रक चालक ने बिजली पोल को मारी टक्कर, घंटों बाधित रही बिजली

**छुईहा बेलर।** कुण्डेल क्षेत्र के धान संग्रहण केन्द्र के पास रविवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। धान लोड करने जा रहा एक तेज रफ्तार खाली ट्रक (क्रमांक सीजी 06 सीएन 6335) बिजली गांव में अनियंत्रित होकर 11 केवी विद्युत पोल से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खंभा पूरी तरह झुक गया और बिजली के तार आपस में उलझ गए, जिससे शॉर्ट सर्किट की स्थिति बन गई। इस घटना के कारण गांव में कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। लोग सड़क पर खड़ा होकर आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। हादसे का स्थान अत्यंत संवेदनशील था, क्योंकि ठीक सामने ट्रांसफार्मर और एक परिवार का निवास स्थित है। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि या धनहानि नहीं हुई, अन्यथा परिणाम गंभीर हो सकते थे। घटना की सूचना मिलते ही जनपद सभापति नंदू यादव और सरपंच पति मोती राम निषाद मौके पर पहुंचे और ट्रक चालक सन्नी कौशिक को कड़ी फटकार लगाई। बताया जा रहा है कि ट्रक मालिक संजू पटेल महासमुंद है। स्थानीय जनपद सभापति नंदू यादव, सरपंच पति मोती राम निषाद प्रतिनिधियों ने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना देकर लाइन बंद कराने की व्यवस्था कराई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक सन्नी कौशिक नशे की हालत में तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा आने-जाने वाले कई ट्रक चालक इसी तरह लापरवाही और नशे की हालत में वाहन चलाते हैं। गंभीर चिंता की बात यह है कि ऐसे मामलों पर परिवहन विभाग का कोई प्रभावी नियंत्रण नजर नहीं आ रहा है। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन के ग्राम गौरगाँव के सुकनाथ मंडावी पिता रोहन मंडावी उम्र 42 वर्ष ने सुबह के समय टाइगर रिजर्व के कोर ईलाका सीतानदी के मासूलकोय जंगल मे तेंदूपत्ता तोड़ने गया हुआ था कि अचानक भालू ने हमला कर दिए जाने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की जानकारी ग्रामीणों के द्वारा मिल रही हैं। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी तौरेंगा बफर जोन के रेंजर से जानकारी लेने की कोशिश करने पर बताया गया कि मामला कोर ईलाका सीतानदी के होने से कौन से जानवर से मुठभेड़ हुई है। वह स्पष्ट नहीं हो पा रही है। लेकिन विभागीय फोटो में भालू के हमले से मौत होने का संकेत मिल रहा है।

वही सीतानदी कोर इलाके के रेंजर शैलेश बघेल से जानकारी लेने पर भालू के हमले से मौत होने की जानकारी दिया गया है। वही जंगली जानवरों से सतर्कता रहकर जंगलों में तेंदू पत्ता तोड़ने के अपील वन विभाग उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के द्वारा किया गया है।

## नवापारा स्कूल में स्काई वॉचिंग आकाश दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी द्वारा शहर के शास हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल ग्राउंड में आयोजित स्काई वॉचिंग आकाश दर्शन कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दूरबीन के माध्यम से चंद्रमा, बृहस्पति सहित अन्य ग्रहों एवं तारों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को खगोल विज्ञान से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी सरल एवं रोचक तरीके से दी गई। विशेषज्ञों ने चंद्रमा की सतह, ग्रहों की विशेषताओं, तारामंडलों की पहचान तथा ब्रह्मांड के अदभुत तथ्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही प्रतिभागियों की



जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और वैज्ञानिक तथ्यों को समझा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना एवं समाज में व्याप्त अंधविश्वासों के प्रति जागरूकता फैलाना रहा, जिसमें आयोजक काफी हद तक सफल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता जताई। ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के वैज्ञानिक कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक विज्ञान की समझ पहुंचाई जा सके।

**पेज 9 के शेष...**

### अटल जी की...

नई दिशा का संदेश देने वाला साबित हुआ। कार्यक्रम में चंदूलाल साहू (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गृह भंडार निगम), रूपनारायण साहू (अध्यक्ष, नगर पंचायत कोपरा), तारिणी सेन (उपाध्यक्ष), शिवांगी चतुर्वेदी (जिला पंचायत सदस्य),मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव इंद्राणी साहू (जनपद पंचायत अध्यक्ष), संतोष उपाध्याय (पूर्व विधायक), अनिल चंद्राकर, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, थानेश्वर साहू, विद्या साहू, प्रणय साहू, कौशल साहू, जेठूराम ध्रुव, घनाराम यादव, शशिकला साहू सहित अन्य पार्षद, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

### इलाज कराकर...

20 मिनट लग गए। समय पर इलाज न मिल पाना भी भरत की मौत का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। **संकरी सड़क और सरकारी वाहनों की रफ्तार पर सवाल-** यह हादसा छुरा-राजिम मार्ग की जर्जर स्थिति को भी उजागर करता है। भारी वाहनों के बढ़ते दबाव के बावजूद यह मार्ग अब भी सिंगल लेन और संकरा है। साल भर पहले सड़क चौड़ीकरण की घोषणा तो हुई, लेकिन कागजों से निकलकर काम जमीन पर नहीं पहुंच सका। वहीं, सरकारी विभाग पीएचई के ट्रक की संलिप्तता ने सरकारी वाहनों के सुरक्षा मानकों और उनकी तेज रफ्तार पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला अधिकारी, पीएचई विभाग ने कहा की संबंधित वाहन मैकेनिकल शाखा का है, जो ग्राम खैरझीटी में चल रहे कार्य के दौरान फ्यूल भराने जिला मुख्यालय की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में यह दुखद दुर्घटना हुई।

### इलाज कराकर...

20 मिनट लग गए। समय पर इलाज न मिल पाना भी भरत की मौत का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। **संकरी सड़क और सरकारी वाहनों की रफ्तार**

**पर सवाल-** यह हादसा छुरा-राजिम मार्ग की जर्जर स्थिति को भी उजागर करता है। भारी वाहनों के बढ़ते दबाव के बावजूद यह मार्ग अब भी सिंगल लेन और संकरा है। साल भर पहले सड़क चौड़ीकरण की घोषणा तो हुई, लेकिन कागजों से निकलकर काम जमीन पर नहीं पहुंच सका। वहीं, सरकारी विभाग पीएचई के ट्रक की संलिप्तता ने सरकारी वाहनों के सुरक्षा मानकों और उनकी तेज रफ्तार पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला अधिकारी, पीएचई विभाग ने कहा की संबंधित वाहन मैकेनिकल शाखा का है, जो ग्राम खैरझीटी में चल रहे कार्य के दौरान फ्यूल भराने जिला मुख्यालय की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में यह दुखद दुर्घटना हुई।

### 5 दिन में दूसरी बार...

कि इससे पहले 29 अप्रैल को भी वर्तमान घटना स्थल से करीब 50 मीटर दूर उल्बा रोड से लगे जंगल में इसी तरह आग लगने की घटना सामने आई थी, जिसे फायर ब्रिगेड और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बुझाया गया था। लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं से ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। हालांकि अब तक आग लगने के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। इस आगजनी की घटना के बाद सरपंच नेहरू लाल साहू ने मामले की जांच एवं जंगल क्षेत्र में अवैध पेड़ कटाई की शिकायतों का भी जिक्र करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और जुर्माना लगाने की मांग की। पंचायत की ओर से यह भी घोषणा की गई कि जंगल की सुरक्षा और दोषियों को पकड़वाने में सहयोग करने वालों का सम्मान किया जाएगा। इस संबंध में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी अभनपुर से दूरभाष और व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई।

### सेम्हरतरा में...

शिक्षा, पंचायत, कृषि, वन, सिंचाई, खाद्य, आबकारी, पुलिस, पीएचई, बिजली सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि विधायक रोहित साहू अपने गृह ग्राम सेम्हरतरा को विकास कार्यों के लिए लाखों रुपये की सौगात दे सकते हैं। सुशासन शिविर को लेकर स्थानीय पंचायत के सरपंच हरीश साहू, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है।

### मनरेगा के तालाबों...

गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चत की जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि किसी भी जिले में यदि अवैध रेत खनन कार्य चल रहा हो और वहां ड्रोन सर्वे अथवा केंद्रीय उड़नदस्ता के द्वारा इसका साक्ष्य पाया जाता है तो कलेक्टर व खनन अधिकारियो पर सीधे कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**महानदी में चैन माउंटेन से हो रहा रेत उत्खनन-** शहर से सिर्फ 2 किमी दूर ग्राम दुलना में रेत माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि प्रशासनिक कार्रवाई भी बेअसर नजर आ रही है। चैन माउंटेन मशीनों से नदी का सीना चीरकर खुलेआम उत्खनन किया जा रहा है और हाईवा वाहनों के जरिए दिन-रात अवैध रेत का परिवहन जारी है। गौरतलब है कि 8 अप्रैल को तहसीलदार विक्रांत सिंह राठौर ने कार्रवाई करते हुए नदी के भीतर बनाए गए अस्थायी रास्तों को कटवाकर ध्वस्त किया था। लेकिन कुछ ही दिनों में माफियाओं ने उन रास्तों को फिर से दुरुस्त कर लिया और अब पहले से ज्यादा तेजी से अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। सूत्रों के अनुसार आरोप है कि पूरे मामले में प्रभावशाली लोगों का संरक्षण मिल रहा है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि इस अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलने की बात कही जा रही है। लगातार हो रही इस गतिविधि से पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है और शासन को राजस्व की भारी हानि हो रही है। लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और वे कड़ी व स्थायी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**रोहिनी में कलश यात्रा निकाली, मनाई भक्त माता कर्मा जयंती**

# समाज से जुड़ना ही असली सम्मान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्रामीण साहू समाज रोहिना के तत्वाधान में तैलिक वंश की आराध्य देवी, संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा की जयंती पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे रोहित साहू विधायक राजिम, प्रमुख अतिथि के रूप मे नंदनी ओमकार साहू जिला पंचायत सभापति, इन्द्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, अध्यक्षता कर रहे थे प्रवीण साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ गरियाबंद, विशेष अतिथि के रूप मे चंद्रशेखर साहू जिला महामंत्री गरियाबंद, जगदीश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ राजिम, महेंद्र साहू, नीतू साहू जनपद सदस्य, सोमप्रकास साहू, रुपेश साहू सरपंच ग्राम रोहिना, सुंदर लाल साहू पूर्व सरपंच, जोहनू राम साहू संरक्षक राजिम भक्तिन मंदिर, होमन लाल साहू संरक्षक राजिम भक्ति मदिर, होरिलाल साहू पूर्व जनपद सदस्य, इस अतिथियों भव्य फुल वर्षा और आतिशबाजी के साथ स्वागत किया, सभी अतिथियों का मंचीय सम्मान किया गया, इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। इसमें मातृ शक्ति महिलाओं एवं बालिकाओं सिर पर कलश धारणकर ग्राम के समस्त देवी देवताओं का आह्वान किया गया।

**भक्ति और शक्ति की प्रतीक हैं माता कर्मा : साहू**





प्रमुख अतिथि नंदनी ओमकार साहू सभापति जिला पंचायत गरियाबंद और इन्द्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर ने कहा की भक्त शिरोमणि कर्मा माता सदा भक्ति और शक्ति की प्रतीक रही है। माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर हमें गौरवान्वित महसूस हो रहा है। अपने तन, मन और धन से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगी रहने वाली मां कर्मा देवी से हमें त्याग और धार्मिकता की शिक्षा मिलती है। इस कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का समाज द्वारा सम्मान भी किया गया। अध्यक्षता कर रहे प्रवीण साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ ने कहा की भक्त कर्मा माता कर्माबाई साहू/तेली समाज की आराध्य देवी हैं, जो निस्वार्थ भक्ति, त्याग और ईश्वर से सीधे संवाद खिचड़ी भोग के लिए पूजनीय हैं। 17 वीं सदी की कृष्ण भक्त, माता कर्मा को प्रेम और समर्पण का प्रतीक माना जाता है, जिन्होंने अपनी श्रद्धा से भगवान को भी भोजन करने के लिए विवश कर दिया था। इस दौरान गैंद लाल साहू सलाहकार जिला साहू संघ, टेमेश्वरी साहू महिला संगठन सचिव तहसील, युगलकिशोर साहू अध्यक्ष साहू समाज परिक्षेत्र कौनद्केरा, ठाकुर राम साहू संरक्षक, कुंवार सिंह अध्यक्ष साहू समाज रोहिना, बंशी लाल साहू उपाध्यक्ष, केशरी साहू महिला उपाध्यक्ष, गजाधरसाहू संगठन सचिव, धान बाई साहू महामंत्री महिला, दागेश्वरी साहू महिला संगठन सचिव, लालजी साहू सचिव, रामजी साहू कोषाध्यक्ष, नारायण लाल साहू, संरक्षक, दुष्यंत साहू सचिव साहू समाज परिक्षेत्र कौनद्केरा, संतोष साहू, हीरालाल साहू, सहित ग्रामीण साहू समाज स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

विधायक रोहित साहू ने कहा की कर्मा जयंती हम सभी के लिए एक प्रेरणा का अवसर है। यह पर्व हमें परिश्रम, सेवा और समर्पण की सीख देता है। समाज के आने वाला पीढ़ी को समाज के परंपरा और रीती रिवाज़ को जानना आवश्यक है, समाज है तभी सम्मान है, नाम है, इसलिए हमें समाज से जुड़ कर अपने समाज के प्रति कर्तव्य को निर्वहन करना चाहिए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130







प्रस्तुति : उत्कर्ष शर्मा, रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला - गरियाबंद, मो. 9752106022, दीपक साहू, सुरसाबांधा, मो. 8959346055

## सुशासन तिहार : ग्राम कठिया में जन समस्या निवारण शिविर

# शिविर में मिले 779 आवेदनों में से 588 आवेदनों का मौके पर ही हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार अभनपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कठिया के हाई स्कूल प्रांगण में सुशासन तिहार 2026 के तहत पहले जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागों को शिकायत एवं मांग से संबंधित कुल 779 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 588 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में सुन्दरकेरा, तोरला, तामासिवनी, डोमा, उगेतरा, भुरका, चम्पारण, जौंदा, जौंदी, मंग्लोर, गिरोला, थनौद, टीला, डंगनिया, कठिया, नवागांव, पोंड़, जामगांव सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां अधिकारियों ने आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, 5 लोगों को आयुष्मान कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 5 राशन कार्ड, कृषि विभाग द्वारा 7 किसानों को बीज, समाज कल्याण विभाग द्वारा 5 ट्राइसाइकिल, 16 पेंशन प्रमाण पत्र, 1 श्रवण यंत्र और 1 व्हीलचेयर, तथा मनरेगा विभाग द्वारा 10 नए जॉब कार्ड वितरित किए गए। शिविर के दौरान अतिथियों द्वारा अभनपुर ब्लॉक के 28 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। जिन्होंने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए थे उन्होंने श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचे और उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 1 हफ्ते के अंदर आज प्राप्त सभी आवेदनों का समुचित निराकरण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई आवेदनकर्ता किसी वजह से योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं है तो उसे सूचित किया जाए और कारण उसके आवेदन के निराकरण में स्पष्ट रूप से लिखा जाए।

### मंत्री गुरु खुशवंत ने दी विकास कार्यों की सौगात



### सतनाम भवन सहित अन्य घोषणाएं

मंत्री खुशवंत साहेब ने सतनाम भवन निर्माण हेतु 7 लाख रुपये, 3 नई पीडीएस दुकानें और तालाब सौंदर्यीकरण की घोषणा की। अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि ऐसे शिविरों से लोगों को अपने क्षेत्र में ही समाधान मिल रहा है, जिससे समय और संसाधनों की बचत हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस, जॉब कार्ड और आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाएं मौके पर ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, एसडीएम अभनपुर रवि सिंह, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर, जिला खाद्य नियंत्रक भूपेन्द्र मिश्रा, संयुक्त संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा डॉ. शंकरलाल उइके, सीईओ जनपद दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धीवर गौरवशाली समाज : रोहित

### विधायक ने धीवर समाज के लिए की 22 लाख रुपए की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम क्षेत्र के ग्राम किरवई में आयोजित छत्तीसगढ़ धीवर समाज राजिम परगना के वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू का समाज के लोगों ने गर्मजोशी के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत-सम्मान किया। विधायक रोहित साहू ने कहा की धीवर समाज वही समाज है, जिसने भगवान श्री रामचंद्र जी को गंगा पार कराने का पुण्य कार्य किया था। उन्होंने कहा कि इस समाज का योगदान सदैव गौरवपूर्ण रहा है और उनके प्रति उनका विशेष लगाव है। विधायक श्री साहू ने राजिम परगना धीवर समाज के लिए 15 लाख रूपए तथा किरवई धीवर समाज भवन के लिए 7 लाख रूपए देने की घोषणा किया। कहा कि प्रभु श्रीराम को गंगा पार कराने वाला यह समाज भी मुझे चुनाव में पार कराया है। मछुआरा समाज ने मुझे जीत दिलाया है। इस समाज से मेरा अपना पुराना नाता रहा है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष रामु राम तारक ने शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर विधायक रोहित साहू का सम्मान किया तथा मांग पत्र राजिम परगना धीवर समाज राजिम के लिए तीन सेट किरवई समाज के लिए भवन निर्माण के लिए मांग पत्र रखा।

### शिक्षा और एकजुटता पर जोर

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे राजिम क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा किरवई संत पवन दीवान का निवास ग्राम है। श्री उपाध्याय ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि बेटी के साथ ही बेटे को भी पढ़ाना जरूरी है। धीवर समाज के लोग मेरे मित्र हैं। मेरे सखा है, प्रभु श्रीराम के वंशज है। विशेष अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, गैंदलाल साहू, मोतीलाल, लखन साहू, आशीष पांडे ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष रामू राम तारक ने अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि हमारा समाज एकजुट है। यहां बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सुरेश कुमार, वेदव्यास तारक, रामलाल पंडरिया, पवन धीवर, पुरुषोत्तम धीवर, लीलाराम तारक, गायत्री गायकवाड़, नरेंद्र, सहदेव धीवर, कोषाध्यक्ष झाड़ू राम तारक, लखनु, मेवाराम तारक, शत्रुघ्न, चेमन तारक, मीडिया प्रभारी, राजेश धीवर, वाल्मीकी धीवर, समाज के युवा अध्यक्ष यीशु तारक, घुरुव तारक, दुर्गा तारक, संतोष धीवर, शिव धीवर, कुंताराम कपिल धीवर, सत्तू, अरुण हिरवानी, लखनु, पूर्णिमा तारक, लता बाई, बेदु बाई, कुंती बाई, सेवती बाई, जीवन बहुरा बाई, प्यारी बाई, श्यामा बाई, महेन्द्र धीवर, हिंसाराम तारक, नंदकुमार, राजकुमार, भारत, नानूराम तारक, दयालु धीवर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन तुकाराम तारक ने किया।






# रसोई गैस महंगाई पर कांग्रेस ने तिरंगा चौक पर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला मुख्यालय में शनिवार को सियासी हलचल अपने चरम पर रही। एक तरफ नगर पालिका के कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की मौजूदगी थी वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की। खास बात यह रही कि प्रदर्शन स्थल तिरंगा चौक उपमुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल से महज कुछ ही दूरी पर था जिससे माहौल और भी संवेदनशील बन गया। उपमुख्यमंत्री के दौरे और कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। तिरंगा चौक सहित आसपास के इलाकों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और हर गतिविधि पर नजर रखी गई। जिला कांग्रेस भवन से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तख्तियां और बैनर लेकर महंगाई कम करो और गैस सिलेंडर के दाम वापस लो जैसे नारे लगाते हुए तिरंगा चौक की ओर बढ़े। हालांकि पुलिस की मुस्तैदी के



चलते रैली को जय स्तंभ चौक में ही रोक दिया गया जहां कार्यकर्ताओं ने धरना देकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। खासकर घरेलू गैस के दामों में वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण आम लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल होता जा रहा है।

**शांतिपूर्ण संपन्न हुआ विरोध-** उपमुख्यमंत्री के दौरे के दौरान हुए इस विरोध प्रदर्शन से शहर का सियासी पारा जरूर चढ़ा, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सुरक्षा एजेंसियों को स्थिति संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी मगर अंततः प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हुआ। प्रदर्शन में पवन सोनकर, रमेश शर्मा, सन्नी मेमन, नीरज ठाकुर, छगन यादव, अमित मिरी, प्रेम सोनवानी, रमीज़ राजा, जुनैद खान, चंद्रभूषण चौहान, चेतन सिन्हा, राम नारायण साहू, रमेश वर्मा, योगेश्वरी साहू, हेमलता सिन्हा, पदमा यादव, प्रकाश कोमर्रा, अहसान मेमन, अनीश मेमन, घनश्याम ओगरे, भुनेश्वर सिन्हा, बुढ़ान सिंह ठाकुर, प्रहलाद यादव और नरेंद्र सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।